दैनिक भास्कर 20/10/2023

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज में जोनल यूथ फेस्टिवल के दौरान रसिया डांस में प्रस्तुति देते एसए जैन कॉलेज के विद्यार्थी व प्रस्तुति देते पंजाबी गायक परमजीत सिंह सिद्धू उर्फ पम्मी बाई।

जोनल यूथ फेस्टिवल • जीएमएन कॉलेज में दूसरे दिन सिंगर परमजीत सिंह सिद्धू ने गाने गाए तो झूमने लगे दर्शक

मत छेड़े मोहे डगरिया में सुन मोहन मुरली वाले... रसिया ग्रुप डांस में बृज होली का किया प्रदर्शन

भास्कर न्यूज | अम्बाला

जीएमएन कॉलेज में वीरवार को 46वें जोनल यूथ फेस्टिवल के दूसरे दिन की शुरुआत रसिया ग्रुप डांस से हुई। सिटी के एसए जैन कॉलेज से टीम-20 ने मत छेड़े मोहे डगरिया में सुन मोहन मुरली वाले पर प्रस्तुति देते हुए ब्रज की होली का शानदार वर्णन किया। उसके बाद डीएवी कॉलेज से टीम-17 ने ओ सासु पनिया कैसे जाऊं रसीले दो नैना! पर व एसडी कॉलेज की टीम-16 ने होली देखे नै मत चौबारे पे, आजा होरी खेले पर प्रस्तुति देकर सारा माहौल खुशनुमा बना दिया। प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बनता था। मुख्यातिथि एमएमडीयू के चांसलर तरसेम गर्ग व विशिष्ट अतिथि गुरचरण सिंह डीवाईसीए थे। जीएमएन कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान डॉ. गुरदेव सिंह, अजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आलोक गुप्ता व प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. तरसेम गर्ग ने युवा महोत्सव के सफल आयोजन व कॉलेज की गतिविधियों के लिए 11 लाख रुपए दिए। पंजाबी गायक पम्मी बाई ने बल्ले-बल्ले, जग विच ज्योन द स्वाद जिहा आ गया गीतों पर प्रस्तुति देकर सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया।

ये रहे विजेता... क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट सोलो में जीएमएन, ग्रुप डांस हरियाणवी में एसडी कॉलेज और कार्टूनिंग में कैंट गवर्नमेंट कॉलेज विजेता

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज में जोनल यूथ फेस्टिवल के दौरान लावणी डांस में प्रस्तुति देती डीएवी कॉलेज की छात्राएं।

क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट सोलो
1. जीएमएन कॉलेज
2. गवर्नमेंट कॉलेज पंचकूला

रसिया हरियाणवी ग्रुप डांस
1. एसडी कॉलेज
2. डीएवी कॉलेज

डेक्लामेशन संस्कृत
1. एसडी कॉलेज
2. एमपीएन कॉलेज मुलाना

क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट सोलो
1. जीएमएन कॉलेज
2. गवर्नमेंट कॉलेज पंचकूला

हरियाणवी हिंदी स्किट
1. एसडी कॉलेज
2. जीएमएन कॉलेज

ग्रुप डांस हरियाणवी
1. एसडी कॉलेज
2. जीएमएन कॉलेज

मिमिक्री
1. जीएमएन कॉलेज
2. गवर्नमेंट कॉलेज नारायणगढ़

फोक इंस्ट्रूमेंटल हरियाणवी सोलो
1. जीएमएन कॉलेज
2. एसडी कॉलेज

क्ले मॉडलिंग
1. एसडी कॉलेज
2. जीएमएन कॉलेज

कोलॉज
1. आर्य गर्ल्स कॉलेज
2. गवर्नमेंट कॉलेज शहजादपुर

मेहंदी
1. एसए जैन कॉलेज
2. एसडी कॉलेज

कार्टूनिंग
1. गवर्नमेंट कॉलेज कैंट
2. गवर्नमेंट कॉलेज शहजादपुर

ग्रुप सॉन्ग व क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट में दिखाई प्रतिभा

यूथ फेस्टिवल के दूसरे दिन रसिया ग्रुप डांस, ग्रुप सॉन्ग हरियाणवी, ग्रुप डांस जनरल, हरियाणवी हिंदी स्किट, वन एक्ट प्ले, मिमिक्री, इंडियन आर्केस्ट्रा, क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट, क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट, फोक इंस्ट्रूमेंट (सोलो), सॉन्ग, क्ले मॉडलिंग, कार्टूनिंग की प्रतियोगिताएं करवाई गई। स्टेज-1 पर डॉ. अमित कुमार, मनजीत कौर व डॉ. अनुपमा सिहाग ने मंच संचालन किया। स्टेज-2 पर डॉ. अनीश, उदिता व जस्मिता ने मंच संचालन किया। वहीं महोत्सव के सायंकालीन सत्र में बतौर मुख्यातिथि मशहूर सेलिब्रिटी सिंगर, सॉन्ग राइटर और भंगड़ा डांसर परमजीत सिंह सिद्धू उर्फ पम्मी बाई व विशिष्ट अतिथि डॉ. अंकेश्वर प्रकाश परीक्षा नियंत्रक ने शिरकत की।

आज होंगी ये प्रतिस्पर्धाएं

20 अक्टूबर को हरियाणवी आर्केस्ट्रा, ग्रुप डांस हरियाणवी, वेस्टर्न वोकल सोलो, वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट सोलो, वेस्टर्न ग्रुप सॉन्ग, ऑन द स्पोट फोटोग्राफी व इंस्टालेशन प्रतियोस्पर्धाएं कराई जाएंगी।